म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
राजीव गांधी भवन खण्ड 2, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल, 0755-2660203

क्र.2148/ज.अ.प./टी.एम./सी.एम.सी.एल.डी.पी./22 भोपाल, दिनांक 17/08/22

प्रति,

संभाग समन्वयक (समस्त)
जिला समन्वयक (समस्त)
विकासखण्ड समन्वयक (समस्त)
म.प्र. जन अभियान परिषद्

विषय- शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रदेश के समस्त विकासखंडों में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत एम.एस.डब्ल्यू. एवं बी.एस.डब्ल्यू. की कक्षा संचालित किये जाने के संबंध में।

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस. डब्ल्यू. (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) की नियमित कक्षा का संचालन समस्त 313 विकासखण्डों में स्थित अध्ययन केन्द्रों पर प्रारंभ किया जा चुका है। इस के उपरांत प्रत्येक रविवार को कक्षा का आयोजन निर्धारित अकादमिक कैलेण्डर अनुसार किया जा रहा है। कक्षाओं के सुचारू संचालन के लिये निम्नलिखित जानकारियां संभाग स्तर पर संकलित कर दिनांक 22 अगस्त तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें-

1. (अ) अध्ययन केन्द्रों का विकासखण्डवार निर्धारण एवं उससे संबंधित जानकारियों का learning mangment system पर अपलोड किये जाने का उत्तरदायित्व विकासखण्ड समन्वयकों का होगा। निर्धारित अध्ययन केन्द्र की जानकारी निम्नवत प्रारूप में उपलब्ध करावें-

S.no.	District Name	Block Name	Study Centre Name	Address	Mobile No.	Email	Incharge Name	Incharge Mobile	Incharge Email	Coordinator Name	Coordinator Mobile	Coordinator Email

(ब) अध्ययन केन्द्र निर्धारण/कक्षा संचालन में यदि कोई समस्या आ रही है तो उससे संबंधित जानकारी निम्नवत प्रारूप में उपलब्ध करावें-

S.no.	District	Block	Study Centre	Nature of problem	Comment of B.C.

2. पंजीकृत छात्रों के मूल अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी पुष्टि कर नामांकन को अंतिम रूप देने का उत्तरदायित्व विकासखण्ड समन्वयकों का है। उन्हे सम्पर्क कक्षा का एक दिन निर्धारित कर उसमें समस्त पंजीकृत छात्रों से उनके 10वी, 12वी और स्नातक सहित जाति, श्रेणी, आय, विशेष श्रेणी यथा दिव्यांग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इत्यादि के मूल प्रमाण पत्रों से अपलोड प्रमाण-पत्र का मिलान कर पुष्टि वेब साईट पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार कर दें। यह महत्वपूर्ण कार्य है इसी के आधार पर न्यूनतम अर्हता प्रमाणित होगी। अतः इसे पूरी गंभीरता से करें।

म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)

राजीव गांधी भवन खण्ड 2, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल, 0755-2660203

3. जिन छात्रों को अध्ययन केन्द्र परिवर्तित करना है उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में राज्य कार्यालय को जानकारी निम्नवत प्रारूप में उपलब्ध करावें। प्राय: ऐसा अनिर्वायता की स्थिति में ही किया जाये-

S.no.	District Name	Block Name	Name of student	Registration No.	Name of Programe BSW/MSW	Study Centre Name	Study Centre Name	Comment of B.C.
						Present	Proposed	

4. छात्र का नाम, पिता/पति के नाम, माता के नाम, जन्म तिथि या अन्य मूलभूत जानकारियों में त्रुटि होने पर सुधार हेतु जानकारी निम्नवत प्रारूप में उपलब्ध करावें। इस प्रकार के परिवर्तन का आधार विद्यार्थी की 10वीं की अंकसूची होगी। छात्र के इच्छानुसार परिवर्तन करने से बचे।

S.no.	District Name	Block Name	Name of student	Registration No.	Study Center	Name of Programe BSW/MSW	Name/DOB/Other Information		Comment of B.C.
							Present	Proposed	

किसी भी दशा में किसी छात्र को पाठ्यक्रम परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। रविवार को सम्पर्क कक्षाओं को सम्पन्न कराने की प्रतिपूर्ति के रूप में शुक्रवार को पूर्व प्रचलित व्यवस्था के अनुसार अवकाश देय होगा।

(कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा अनुमोदित)

(डॉ. प्रवीण शर्मा)

प्रभारी प्रशासन

म.प्र. जन अभियान परिषद्

पृ.क्रं. 2149 /ज.अ.प./ सी.एम.सी.एल.डी.पी./2022 भोपाल, दिनांक 17 /07/2022

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, उपाध्यक्षद्वय, म.प्र. जन अभियान परिषद की ओर सूचनार्थ।
2. निज सहायक, महानिदेशक महो., म.प्र. जन अभियान परिषद की ओर सूचनार्थ।
3. निज सहायक, कार्यपालक निदेशक महो., म.प्र. जन अभियान परिषद की ओर सूचनार्थ।
4. कुलपति, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट जिला सतना की ओर सूचनार्थ।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रिस्प, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. एम.आई.एस. शाखा।
7. गार्ड नस्ती।

प्रभारी प्रशासन

म.प्र. जन अभियान परिषद्